Regarding railway line

श्री अब्दुल खालेक **(**बारपेटा**):** सभापति महोदय, मैंने जोगीघोपा से अमीन गांव तक भाया बरपेटा, जोनिया, लैंको सिंघा, सरथेवाड़ी, अल्टरनेटिव लाइन के बारे में पहले ही कहा था । इनका दो बार सर्वे हुआ, लेकिन सरकार, रेल मिनिस्ट्री ने इसे रेल ऑफ रिटर्न के नाम पर रिजेक्ट कर दिया । अगर रेल लाइन नहीं बनेगी, तो उस इलाके के कृषि क्षेत्र का कैसे विकास होगा । सरकार धार्मिक पर्यटन की बात कहती है । बरपेटा शहर कई क्षेत्रों से घिरा है । यह शंकरदेव की कर्मभूमि है ।?(व्यवधान) बरपेटा धार्मिक पर्यटन के लिए भी जाना जाता है ।?(व्यवधान)